अररिया समाहरणालय

(राजस्व प्रशाखा)

अनिल कुमार ठाकुर,
अपर समाहर्त्ता, अररिया

मोबाईल नं0 : 9473191366
E-mail - adm.rev.araria@gmail.com

पत्रांक 717 / रा0

सेवा में,

मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी, हिमालया एग्रो केमिकल प्रा0 ली0,
कॉनसम टेलीकॉम प्रा0 ली0 एवं कॉनसम इन्डस्ट्रीज प्रा0 ली0

अररिया, दिनांक 16/04/2020

विषय : कॉनसम ग्रुप/प्रबंधन के अंतर्गत आवश्यक सेवा/वस्तु से संबंधित व्यापार हेतु COVID-19/CORONA के दरमियान कार्य करने हेतु पास/अनुमति के संबंध में।

प्रसंग : आपका पत्रांक CIL-OUTLET-CEO/20/015/07, दिनांक 15.04.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र के द्वारा आपने लॉकडाउन की स्थिति में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए अररिया जिले में :–

1. **फर्टीलाइजर/उर्वरक :** मे0 हिमालय एग्रो केमिकल्स, प्रा0 ली0 के तहत एन0पी0के0 निमार्ण एवं विपणन। तत्पश्चात् मे0 शिवनारायण चिरंजीलाल एवं मो0 कॉनसम इंडस्ट्रीज प्रा0 ली0 के तहत सभी प्रकार के फर्टीलाइजर/उर्वरकों का विपणन।
2. **चावल/चाय** मे0 कॉनसम इंडस्ट्रीज प्रा0 ली0 के तहत चावल का उत्पादन एवं विपणन। तत्पश्चात् मे0 कॉनसम इंडस्ट्रीज प्रा0ली0 के तहत चाय की विपणन।
3. **इन्टरनेट :** मे0 कॉनसम टेलिकॉम, प्रा0 ली0 एवं मे0 कॉनसम इंडस्ट्रीज प्रा0 ली0 के तहत इन्टरनेट सेवा वितरण हेतु आवश्यक कार्य एवं फारबिसगंज एवं जोगबनी क्षेत्र के अंतर्गत इन्टरनेट सेवा का कार्य।

उक्त के आलोक में निदेशानुसार आपको कार्य करने की सहमति संसूचित इस शर्त्त के साथ की जाती है कि COVID-19 से संबंधित भारत सरकार द्वारा समय–समय पर लॉकडाउन एवं Social Distancing के संबंध में निर्गत दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अन्य राज्यों के मजदूरों से कार्य नहीं करायेंगे एवं कार्य स्थल पर कार्यरत मजदूरों को अपने स्तर से पहचान पत्र निर्गत करते हुए मास्क एवं Handwash का नियमित प्रयोग कराना सुनिश्चित करायेंगे।

विश्वासभाजन,

16/4/2020

अपर समाहर्त्ता
अररिया